सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 172 | इंदौर, सोमवार 06 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मोदी बोले- कच्चा चिट्ठा खोला तो आप-दा वाले बौखला गए



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के रोहिणी पहुंचे। उन्होंने जापानी पार्क में 35 मिनट भाषण दिया। उन्होंने दिल्ली की AAP सरकार को एक बार फिर आप-दा सरकार बताया। केजरीवाल को दिल्ली प्रदूषण, शराब घोटाले, स्कूल घोटाले और शीशमहल जैसे मुद्दों पर घेरा। पीएम ने कहा, 'दिल्ली की आप-दा सरकार के पास न कोई विजन है, न दिल्ली वालों की परवाह है। इन्होंने हर मौसम को आपदाकाल बना दिया। जब काला चिठ्ठा सबके सामने उजागर किया तो मुझ पर भड़कने लगे।' मोदी ने राजधानी में 12 हजार 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। उन्होंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ 'नमो भारत' कॉरिडोर के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के सेक्शन का भी उद्घाटन किया।

## इनकम टैक्स की रेड में चौंकाने वाला खुलासा

# सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट में कई बड़े मंत्रियों विधायकों और अधिकारियों के नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट से जुड़ा एक बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। इस प्रोजेक्ट में कई बड़े नेताओं और अधिकारियों की जमीनें शामिल होने की बात सामने आई है। इनकम टैक्स (आईटी) ने 18 दिसंबर को इस मामले में दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में 375 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति जब्त की गई है।



इस प्रोजेक्ट में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के दोनों बेटों, हर्ष देवड़ा और अन्य के नाम पर जमीन खरीदी गई है। इसके अलावा पूर्व मंत्री और विधायक भूपेंद्र सिंह और सीहोर विधायक सुदेश राय की भी इस प्रोजेक्ट में जमीन होने की बात सामने आई है। इस मामले में त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक राजेश शर्मा की संपत्तियों को अटैच कर दिया गया है। राजेश शर्मा पर बेनामी संपत्ति रखने का आरोप है।

### पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस का भी नाम

भू-राजस्व विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी से जमीन से जुड़ी गड़बड़ी का पता चलता है। पिछले कई सालों में रातीबड़, मेंडोरा, नीलबड़, मेंडोरी जैसे इलाकों में बेशकीमती जमीनें खरीदी गईं। हाल ही में अधिकारियों को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और उनकी पत्नी के नाम पर जमीन खरीदी के दस्तावेज मिले थे। यह सारी खरीद-फरोख्त बिल्डर राजेश शर्मा और उसके सहयोगियों के माध्यम से हुई थी। राजेश शर्मा पर हुई कार्रवाई में कई और अधिकारियों, नेताओं, व्यापारियों और अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

### 52 ठिकानों पर की थी छापेमारी

जांच में पता चला है कि नियमों को ताक पर रखकर यह जमीनें खरीदी गईं। राजेश शर्मा के जरिए इकबाल सिंह बैंस ने अपने और अपनी पत्नी के नाम पर करोड़ों रुपये की जमीन खरीदी। त्रिशूल, क्वालिटी और ईशान बिल्डर के कुल 52 ठिकानों पर छापेमारी में आयकर विभाग को 10 करोड़ रुपये नकद भी मिले। इसके साथ ही 25 लॉकर और सोना भी बरामद हुआ। बड़ी संख्या में जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। यह जांच अभी जारी है और इसमें और भी खुलासे होने की संभावना है।

### विपक्ष ने जमकर साधा निशाना

इस मामले में सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन विपक्ष इस मामले को लेकर सरकार पर हमलावर है। विपक्ष का कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। और इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जनता भी इस मामले पर सरकार से जवाब मांग रही है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में इस मामले में क्या नया मोड़ आता है।

# जहाँगीरपुर अब जगदीशपुर और मौलाना गाँव विक्रम नगर के नाम से जाना जाएगा

## भारत रत्न अटल जी के नाम से जाना जायेगा बड़नगर का सीएम राइज स्कूल: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- जन-भावनाओं के अनुरूप रखे जायेंगे गांव और शहरों के नाम
- एक लाख युवाओं को देंगे सरकारी नौकरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बड़नगर में आज जिस स्कूल को सीएम राइज के रूप में विकसित कर लोकार्पण किया गया है, इसी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी शिक्षा प्राप्त की थी। उनकी स्मृति में बड़नगर के सीएम राइज स्कूल का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब गाँव और शहरों के नाम



जन-भावनाओं के अनुरूप रखे जायेंगे। गजनीखेड़ी पंचायत को अब चामुंडा माता के नाम से जाना जायेगा। इसी तरह जहाँगीरपुर अब जगदीशपुर और मौलाना गाँव विक्रम नगर के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले के बड़नगर में 40 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नव-निर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण कर समारोह को संबोधित कर रहे थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि उपज मंडी परिसर बड़नगर में 466.27 लाख रुपए की लागत से हुए नवनिर्माण कार्यों के भूमि-पूजन के साथ बड़नगर विधानसभा क्षेत्र में 343.80 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 7 उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण कर नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और निर्माण कार्य की सराहना की। उन्होंने बड़नगरवासियों को नए साल में मिली इस नई उपलब्धि के लिए बधाई भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिये वर्ष 2024 में 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिकीकरण के प्रयासों से बड़नगर में भी बड़े औद्योगिक समूह द्वारा 3500 करोड़ रुपये की लागत से फैक्ट्री स्थापित की जायेगी। उन्होंने कहा कि बड़नगर में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना भी शीघ्र होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना का भूमिपूजन हो चुका है। इसका सीधा लाभ प्रदेश के 13 जिलों को मिलेगा। इस परियोजना के पूरा होने पर बड़नगर क्षेत्र के खेत भी बारह महीने फसलों से लहलहाएंगे। प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा का उपयोग प्रदेश में ही करने के लिए हम एक लाख से अधिक युवाओं को शासकीय सेवा में भर्ती करेंगे और इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का शैक्षणिक परिदृश्य अब तेजी से बदल रहा है। हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य प्रदेश के बच्चों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का बखूबी सामना कर सकें। प्रदेश के सीएम राइज स्कूल इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाना हमारा पहला काम है। संसाधनों के अभाव में कोई बच्चा स्कूली शिक्षा पाने से वंचित न रहे यही हमारा उद्देश्य है। हम उन्हें भावी जरूरतों के लिए अभी से तैयार कर रहे हैं। हम प्रदेश के सभी स्कूलों के आधुनिकीकरण की दिशा में बढ़ रहे हैं। सीएम राइज स्कूल में बेहतर शिक्षा देकर हम बच्चों और अभिभावकों के निजी स्कूलों की ओर बढ़ते आकर्षण को समाप्त कर निजी और सरकारी स्कूलों का भेद समाप्त कर देना चाहते हैं, इसके लिए हम संसाधन बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पूरे प्रदेश में गीता भवन भी बनवा रहे हैं, जिससे बच्चों को जीवन के नैतिक मूल्यों से भी अवगत कराया जा सके।

# इंदौर सभी घरों में नल से जल पहुंचाने वाला जिला शीघ्र घोषित होगा

## कलेक्टर आशीष सिंह ने ली समीक्षा बैठक

◆ **प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले को प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत शीघ्र ही हर घर में नल से जल वाला जिला घोषित किया जायेगा। इसके लिए तेजी से प्रयास जारी है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में मिशन के अंतर्गत ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन्हें शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने यहां प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री एस.के.उदिया सहित योजना से जुड़े अधिकारी, सरपंच, ठेकेदार आदि मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है उन पंचायत में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की शेष पंचायत में कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने वाले पीएचई के एक सब इंजीनियर को निलंबित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उन्होंने बताया गया कि अब हर सप्ताह प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 566 गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना स्वीकृत की गई है। जिले में पूर्व से शत-प्रतिशत नल कनेक्शन वाले 29 ग्राम है। इस तरह जिले में कुल 595 ग्रामों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना है। जिले में अभी तक इसमें से 543 गांवों में नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो गया है। उक्त सभी योजनाएं पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई है। शेष 52 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। इन शेष सभी 52 पंचायतों में कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर संबंधित पंचायत को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने संबंधित पंचायतों के सरपंचों को भी निर्देशित किया है कि वे पूर्ण योजना को शीघ्र हाथ में लेकर बेहतर संचालन सुनिश्चित करें। हर घर में नल से जल पहुंचाएं। इस कार्य में किसी भी तरह के लापरवाही नहीं बरती जाए।



## बसों के लिए बांटे डस्टबीन...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के सरवटे बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान के तहत विशेष डस्टबीन वितरण कार्यक्रम किया। इसका मुख्य उद्देश्य बस संचालकों और यात्रियों को स्वच्छता के लिए जागरूक करना और सार्वजनिक जगहों को गंदगी से मुक्त बनाना था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में वार्ड 55 की पार्षद पंखुड़ी जैन, डिप्टी कमिश्नर शैलेश अवस्थी, नगर निगम की टीम के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि थे। कार्यक्रम के दौरान बस संचालकों को डस्टबीन बांटे और उनसे अपील की गई कि बस से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में ही डाले। यह भी अनिवार्य किया गया कि सभी बस में डस्टबीन उपलब्ध हो। साथ ही "नो रेड स्पॉट अभियान" के तहत बस स्टैंड और सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यात्रियों और बस संचालकों से स्वच्छ शौचालयों के उपयोग का आग्रह किया और यह संदेश दिया कि सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाने से बचे।



## याग्निक परिवार के बीच पहुँचे मुख्यमंत्री ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज सायंकाल इंदौर में याग्निक परिवार में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में पहुँचे। उन्होंने वधु वरुषा एवं वर यश को आशीर्वाद दिया। नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर उनके साथ थे।

## गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना में आवेदन प्रारंभ

**इंदौर**। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 'गाँव की बेटी योजना' एवं 'प्रतिभा किरण योजना' के अंतर्गत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं 'गांव की बेटी योजना' एवं 'प्रतिभा किरण योजना' के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। छात्राएं पोर्टल https://hescholarship.mp.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिवों एवं शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश जारी किये गये है।

## स्वच्छता के लिए निकाला पैदल मार्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रविवार को स्वच्छता जागरूकता के लिए पैदल मार्च निकाला गया। स्वच्छता में लगातार 8वीं बार नंबर 1 का स्थान हासिल करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए ये मार्च निकाला गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशन पर ये आयोजन हुआ। पैदल मार्च में सफाई मित्र, कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी और नगर निगम के अधिकारी शामिल हुए।

आयुक्त शिवम वर्मा ने लोगों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा स्वच्छता के लिए जागरूकता और लोगों का समर्थन ही इंदौर को लगातार स्वच्छता में नंबर 1 बनाए रखने में सहायक होगा। इस मौके पर अपर आयुक्त अभिलाभ मिश्रा भी मौजूद रहे। स्वच्छता



पैदल मार्च में सफाई कामगार यूनियन के अध्यक्ष लीलाधर करोसिया, बाबूलाल सिरसिया, टोनी सिरसिया, महेश तोमर, पटेल रामलाल संकत, सुभाष धौलपुरे, मनोज सिरसिया, चंदन डागर सहित कई सफाई मित्र शामिल हुए। यूनियन अध्यक्ष लीलाधर करोसिया ने बताया कि नगर निगम की मान्यता प्राप्त यूनियन के निर्देशन में यह पैदल मार्च स्वच्छता के लिए जनजागृति लाने और लोगों को निगम के बकाया टैक्स समय पर जमा करने के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया। सफाई मित्रों और कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने इंदौर को स्वच्छता में 8वीं बार नंबर 1 बनाने के लिए हरसंभव योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही, नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले और अपने टैक्स का समय पर भुगतान करें।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन








**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब और कस्तूरबा ग्राम ट्रस्ट के संयुक्त उपक्रम से प्रारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि के कारण ड्रोन टेक्नोलॉजी को देश में बढ़ावा मिला है। नमो ड्रोन दीदी जैसी योजना से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि नवीन तकनीकों को अपनाने में भारत अग्रणी बन रहा है। आज के समय में खेतों में दवा छिड़काव से लेकर अन्य अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ ड्रोन टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब के श्री मिलिंद महाजन से कहा कि वे पूरे मध्यप्रदेश के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार करने की योजना बनाएँ। प्रदेश का विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विभाग इस दिशा में समन्वय करेगा। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ,महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक द्वय श्री मधु वर्मा एवं श्री रमेश मेंदोला, कस्तूरबा ग्राम ट्रस्ट के श्री करुणाकर त्रिवेदी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का श्री मिलिंद महाजन और श्री मुकेश हजेला ने स्वागत किया।

**ड्रोन के साथ होगी मध्यप्रदेश की प्रगति की भी नई उड़ान-** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं भी ड्रोन उड़ाकर देखा। ड्रोन उड़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने यह प्रतीकात्मक रूप से दिखाया कि मध्यप्रदेश भी इसी तरह विकास की नई ऊंचाइयों की उड़ान भर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का विशाल भौगोलिक क्षेत्र और वन संपदा के प्रबंधन में ड्रोन की यह टेक्नोलॉजी मददगार सिद्ध होगी।

## इंदौर में मेट्रो कोच का अब स्पीड के साथ हो रहा ट्रायल



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। शहर में अब मेट्रो कोच का ट्रैक पर ट्रायल शुरू हो चुका है। उन्हें अब 40 से 50 किलोमीटर की स्पीड के साथ चलाकर ट्रायल लिया जा रहा है, ताकि ट्रैक में कोई समस्या हो तो उसे समय रहते ठीक किया जा सके। इंदौर में अब तक 30 से ज्यादा कोच आ चुके हैं। एक इंजन के साथ तीन कोच जुड़कर एक ट्रेन बनती है।

इंदौर में कुल 75 से ज्यादा कोच आने हैं। अभी ट्रेन के नौ सेट तैयार हो चुके हैं। इनका ट्रायल चल रहा है। कमर्शियल रन तक कुछ और कोच आ सकते हैं। गांधी नगर और सुपर कॉरिडोर की तरफ जाने वाले शहरवासियों को आजकल ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन चलती नजर आती है। विशेषज्ञ ट्रेन को अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल रन कर देख रहे हैं। जब कमर्शियल रन शुरू होगा, तब मेट्रो ट्रेन 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी। वैसे इस साल गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक कमर्शियल रन का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक 17 किलोमीटर वाले इस हिस्से में ट्रायल रन भी नहीं हो पाया है, क्योंकि अभी तक मेट्रो स्टेशन बनकर तैयार नहीं हुए हैं। अभी मेट्रो रेल कार्पोरेशन छह किलोमीटर हिस्से में ही मेट्रो का संचालन करेगी, लेकिन अभी इस हिस्से में मेट्रो को ज्यादा यात्री नहीं मिलेंगे, क्योंकि गांधी नगर से बांगड़दा चौराहा तक आबादी क्षेत्र नहीं है। इंदौर में 24 मेट्रो ट्रेन चलेगी। एक ट्रेन में 400 से ज्यादा यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। नए कोच आधुनिक रहेंगे। इसमें कोच के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे रहेंगे। इंदौर के लिए वड़ोदरा के सांवली प्लांट में मेट्रो कोच तैयार हो रहे हैं। दो साल पहले ट्रालों पर सवार होकर मेट्रो के कोच इंदौर आए थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में पहला ट्रायल रन हुआ था।

## रोजगार एवं शिक्षा मेला में सभी वर्ग के तीन हजार से ज्यादा प्रतिभागी आए

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। संत बालीनाथ खेल परिसर जंजीर वाला चौराहा पर 'रोजगार एवं शिक्षा महोत्सव 2025' आयोजित किया गया। इस मेले में 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 12वीं कक्षा के छात्र, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा धारक शामिल थे। यह आयोजन सभी वर्गों, एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाएं और सामान्य वर्ग के लिए रोजगार और कौशल विकास का एक समावेशी मंच साबित हुआ।**

इस मेले में 15 से अधिक कंपनियों और शहर के प्रमुख कॉलेजों व संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नियोक्ताओं ने स्थल पर साक्षात्कार लिए और कई



प्रतिभागियों को तत्काल नियुक्ति दी। साथ ही, छात्रों को कॅरियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप और छात्रवृत्ति के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। कौशल विकास और उद्यमशीलता मार्गदर्शन पर आयोजित कार्यशालाओं ने प्रतिभागियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढ़ने के लिए तैयार किया। यह मेला 'विकसित भारत @2047' दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। आयोजकों ने कहा कि इस आयोजन ने सरकारी एजेंसियों, उद्योगों, स्टार्टअप्स और छात्रों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया है और मध्य प्रदेश में रोजगार व शिक्षा को नई दिशा दी है। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय प्रगतिशील बैरवा महासभा, चाणक्य सोसाइटी ऑफ़ एजुकेशनल डेवलपमेंट, नारी मुस्कान एकता समिति द्वारा किया गया, जिसमें सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। आयोजन को सफल बनाने में गंगाधर जारवाल, केशव माधव, नरेश मुंदर, श्यामलाल डोहरिया, चेतन वाडिया, लखन सिसोदिया राजू सैनी, प्रो अशद खान, सुभाष वाडिया, अशोक टटवाडे, निर्मल मेहरा, रामप्रसाद राजलवाल आदि ने सहयोग दिया।

## बिजनेसमैन ने डोनेट की 5 करोड़ की जमीन

### पालदा में बनेगी पानी की टंकी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पालदा औद्योगिक क्षेत्र में हर गर्मी में पानी की किल्लत को देखते हुए इंदौर के एक बिजनेस मेन ने अपनी 5 करोड़ कीमत की जमीन पानी की टंकी के लिए डोनेट की है। इससे 600 से ज्यादा उद्योगों को फायदा मिलेगा। जल्द ही प्रशासन, निगम से समन्वय कर यहां टंकी का निर्माण किया जाएगा।**



अपनी 10 हजार वर्गफीट की बेशकीमती जमीन डोनेट करने वाले उद्योगपति महेश अग्रवाल (दूधिया वाले) है। उनकी खुद की पालदा औद्योगिक क्षेत्र में बारदान और प्रिंटिंग यूनिट हैं। उन्होंने यह पहल ओमनी रेसीडेंसी में एसोसिएशन ऑफ इण्डस्ट्रीज मप्र (AIMP) द्वारा आयोजित उद्योगपतियों के सम्मान समारोह के बाद की बिना किसी औपचारिकता के की। कार्यक्रम समापन के बाद एआईएमपी के अध्यक्ष योगेश मेहता ने एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप के समक्ष उनकी इस पहल से अवगत कराया। पालदा औद्योगिक क्षेत्र कई सालों से गर्मी में जल संकट से जूझता रहा है। अब इस साल भी इसी परेशानी को देखते हुए अग्रवाल ने खुद यह पहल की। वे पालदा में 30 सालों से बिजनेस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले की तुलना में यहां कई इंडस्ट्रीज बढ़ी हैं। इससे उद्योगों को पानी पर्याप्त नहीं मिल पाता। क्षेत्र की स्थिति यह है कि फरवरी-मार्च के बाद से ही परेशानी बढ़ जाती है। सात सालों में तो समस्या और भी गहरा गई है। यहां उद्योगपतियों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ता है। अग्रवाल का कहना है कि उनकी खुद की इंडस्ट्री को गर्मी में हर रोज 50 हजार से 1 लाख लीटर पानी रोज लगता है। यह समस्या यहां से सभी उद्योगों की है। इसके चलते उन्होंने जमीन डोनेट करने की पहल की है।

# गुरुकुल परम्परा को आत्मसात कर हम फिर से बनेंगे विश्व गुरु : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## हमारी गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को अपना रहे हैं विकसित देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाला गुरु ही होता है। गुरु अपने विद्यार्थी में निहित अनंत संभावनाओं को पहचान कर इसका चारित्रिक एवं शैक्षणिक विकास करते हैं। हमारी पुरातन गुरुकुल परम्परा आज भी प्रासंगिक है। आज कई विकसित देश हमारी पुरानी गुरुकुल परम्परा को अपनाकर अपने बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। हमें भी पुनः उसी गुरुकुल परम्परा से जुड़ना होगा, तभी हमारा देश फिर से विश्व गुरु बन सकेगा।**

हम प्रदेश में क्लास के अंदर और क्लास के बाहर भी विद्यार्थियों को जीवन एवं नैतिक मूल्य तथा व्यावहारिक शिक्षा देकर उनके समग्र विकास की ओर बढ़ रहे हैं। मजबूत इरादों और शैक्षणिक गुणवत्ता में आमूल-चूल सुधार लाकर हम प्रदेश



को शिक्षा के मामले में देश का एक मॉडल एजुकेशन स्टेट बनायेंगे। इसमें शिक्षकों की बड़ी अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कलेक्टर कार्यालय, उज्जैन के एनआईसी से वर्चुअली जुड़कर स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए सिंगापुर जाने वाले चयनित शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे लिए सदैव पूजनीय हैं, हम विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में उनकी अनंत क्षमताओं और सुदीर्घ अनुभवों का प्रदेश के शैक्षणिक विकास एवं विस्तार में अधिकतम सदुपयोग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शैक्षणिक परिदृश्य में हमारा इतिहास समृद्ध रहा है। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला विश्वविद्यालयों एवं उज्जैन के सांदीपनी आश्रम सहित अन्य विश्वविख्यात शैक्षणिक संस्थाओं ने तत्कालीन समय में उच्चकोटि की शिक्षा देकर राष्ट्र को उपकृत किया। तत्समय गुरुओं में अपने विद्यार्थियों के कला-कौशल को पहचानने की। एक दृष्टि होती थी, यही कारण था कि भगवान श्रीराम-लक्ष्मण और श्रीकृष्ण ने भी अपने गुरुओं से ही शिक्षा-दीक्षा ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आज के शिक्षकों में भी गुरु की वही दृष्टि विकसित करना चाहते हैं। सिंगापुर भ्रमण के लिए चयनित शिक्षक इस अवसर को भलीभांति समझें, पढ़ाने की नई-नई तकनीकें सीखें और लौटकर प्रदेश के विद्यार्थियों को उन तकनीकों का लाभ दिलाएं, जिससे वे अपने शैक्षणिक एवं चारित्रिक प्रदर्शन में अव्वल आएं। उन्होंने कहा कि चयनित शिक्षक विदेशी अध्ययन कराने की अच्छाइयों को सीखे, साथ ही अपने देश की अच्छाइयों को भी विश्व में बांटे, ताकि विविध शैक्षणिक संस्कृतियों एवं नवाचारों का आदान-प्रदान हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से ही विश्व, देश और प्रदेश की पहचान बनेगी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण (सिंगापुर जाने) के लिए चयनित प्रदेश के सभी शिक्षकों को अपनी ओर से सफल एवं सुखद शैक्षणिक यात्रा की स्नेहिल शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा की शुभकामनाओं के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदयप्रताप सिंह ने सुभाष उत्कृष्ट उ.मा.वि. भोपाल परिसर से शिक्षकों की विदेश यात्रा दल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# भाजपा नेता ने गोली मारकर सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**दतिया।** दतिया में भाजपा के नगर महामंत्री और खटीक समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र मेवाफरोश (42) ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की है। परिवार के लोगों ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर वह बाहर निकले। जितेंद्र ने घर के बाद खुद को गोली मारी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जितेंद्र पर साढ़े 6 लाख रुपए का कर्ज था। बेटी सोनम ने बताया कि पापा पर कर्ज चुकाने के लिए भाजपा पार्षद रिंकू दुबे दबाव बनाता था। आए दिन धमकी देता था। इसी से परेशान होकर उन्होंने ये कदम उठाया।

# ई-बाइक चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में ई बाइक में चार्जिंग के दौरान धमाके से घर में आग लग गई। हादसे में 11 साल की बच्ची की मौत हो गई जबकि बच्ची के नाना समेत 2 लोग झुलस गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस ई बाइक में धमाका हुआ उसे दो दिन पहले ही सुधरवाया गया था।

हादसा पीएंडटी कॉलोनी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे भागवत मोरे के घर हुआ। उनकी नातिन अंतरा चौधरी की हादसे में मौत हो गई। धमाके की आवाज सुनते ही पड़ोसियों की नींद खुली। वे मदद



के लिए दौड़े। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग से घर का सामान भी जल गया। अंतरा अपनी मां के साथ वड़ोदरा (गुजरात) से रतलाम अपने नाना भागवत मोरे के यहां आई थी। रविवार सुबह दोनों वड़ोदरा लौटने वाले थे। हादसे में भागवत मोरे और अंतरा की कजिन लावण्या (12) भी झुलस गए हैं। स्थानीय निवासी सुनील महावर ने कहा- जिस मकान में आग लगी है, उसके पास रहने वाले इमरान का फोन रात में आया। सूचना मिलते ही मैं मौके पर पहुंचा। आसपास के सभी लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की।किसी तरह आसपास के लोगों के साथ घर के अंदर पहुंचकर वहां रहने वाले लोगों को ढूंढा और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# स्पा सेंटर्स की आड़ में सेक्स रैकेट, 35 युवतियां और 33 युवक पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल पुलिस ने शनिवार को राजधानी के स्पा सेंटर्स पर रेड कर 35 युवतियों और 33 युवकों को गिरफ्तार किया है। बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है। क्राइम ब्रांच समेत 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी इस कार्रवाई में शामिल रहे। बताया जा रहा है कि ग्राहकों को मोबाइल पर लड़कियों की फोटो और प्रोफाइल भेजी जाती थी।**

पुलिस ने ये कार्रवाई की। इस दौरान एमपी नगर स्थित मिकाशो फैमिली स्पा एंड पंचकर्म सेंटर, मानसरोवर में नक्षत्र स्पा सेंटर, ज्योति टॉकिज के पास नाहरे स्पा सेंटर, नेहरू नगर स्थित ताज और क्लासिक स्पा सेंटर और बाग सेवनिया स्थित ग्रीन वैली स्पा सेंटर में कार्रवाई की गई। अकेले ग्रीन वैली स्पा सेंटर से 22 युवतियों और 18 युवकों को आपत्तिजनक हालात में पकड़ा गया। जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई शहर के कई स्पा सेंटर के शटर डाउन हो गए। क्राइम ब्रांच ने सभी 68 आरोपियों को एमपी नगर थाना, कमला नगर थाना और बागसेवनिया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# अलाव ताप रहे परिवार को कार ने कुचला, बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया के थरेट थाना क्षेत्र के चीना गांव में घर के बाहर अलाव ताप रहे एक परिवार को कार ने कुचल दिया। घटना में 8 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। वहीं, परिवार के तीन सदस्यों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने रविवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। चीना गांव निवासी हरदयाल रजक ने बताया कि शनिवार रात घर के बाहर चबूतरे पर मेरे दो बेटे राम किशोर, मनोज, भतीजा चन्द्र प्रकाश और मेरा नाती मनीष (8) अलाव से ताप रहे थे। इसी दौरान गांव का ही जितेंद्र दौहरे अपनी बिना नंबर की कार लापरवाही से चलाता हुआ आया और सभी लोगों को कुचल दिया। सभी को सेवढ़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां राम किशोर, मनोज और चन्द्र प्रकाश का इलाज जारी है। जबकि डॉक्टरों ने 8 वर्षीय नाती मनीष को इंदरगढ़ अस्पताल रेफर किया। जहां डॉक्टरों ने नाती को मृत घोषित कर दिया था।

# कोदो की रोटी खाने से एक परिवार के 8 लोग बीमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी। कोदो की रोटी खाने से एक ही परिवार के आठ लोग बीमार हो गए। जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत में सुधार है। घटना बहोरीबंद तहसील क्षेत्र के बरही गांव की है। इससे पहले भी दो बार ऐसी घटनाएं जिले में सामने आ चुकी हैं।**

जानकारी के अनुसार बहोरीबंद क्षेत्र के बरही गांव निवासी श्याम सुंदर पटेल के परिवार के सदस्यों ने घर में सुबह नाश्ते में कोदो से बनी रोटी और सब्जी खाई। सभी सदस्य अपने काम में लग गए और कुछ ही देर बाद सभी की हालत बिगड़ने लगी। उनको उल्टी होने लगी और चक्कर आने लगे। बीमार होने वालों में परिवार की लक्ष्मी बाई पटेल 65 साल, 65 लक्ष्मी बाई, अनसुईया बाई पटेल 30 वर्ष, सूरज प्रसाद पटेल 42 साल, शैलेंद्र पटेल 20 वर्ष, चार से आठ साल के चार बच्चे बीमार हो गए। सभी की हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने एंबुलेंस 108 को फोन किया



और सभी को लेकर बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा था।

बता दें कर केंद्र सरकार द्वारा किसानों को इसकी खेती करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोदो, जिसे कोदरा भी कहा जाता है, एक पोषणयुक्त मोटा अनाज है। इसमें प्रोटीन, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, मिनरल्स, और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं। कोदो मिलेट्स को श्रीअन्न में शामिल किया गया है।

## संपादकीय

# आठ महीने की बच्ची में मिला HMPV वायरस

बेंगलुरु में एक आठ महीने की बच्ची में HMPV वायरस मिला है। यह चीन में फैला हुआ नया वायरस है। भारत में इस नए वायरस का यह पहला मामला है। यह खबर एक निजी अस्पताल से मिली है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यह कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद है, जब चीन मौजूदा समय में नए वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय इस मामले में आज जानकारी दे सकता है। इधर कर्नाटक सरकार ने रविवार को चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) बीमारी के फैलने के खतरे के बारे में एक एडवाइजरी जारी की है। अडवाइजरी में क्या करें और क्या न करें की जानकारी दी गई है। रिलीज में कहा गया है कि 'फिलहाल, एचएमपीवी के फैलने को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के निदेशक के साथ समन्वय में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है।'विभाग ने कहा कि 'चीन में एचएमपीवी बीमारी के फैलने के बारे में मीडिया में हाल ही में आई खबरों के बाद, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 4 जनवरी को एक बयान जारी किया है। इसमें कहा है कि एचएमपीवी किसी भी अन्य श्वसन वायरस की तरह है, जो सर्दियों के मौसम में आम सर्दी और फ्लू जैसे लक्षण पैदा करता है, खासकर युवा और वृद्ध आयु समूहों में।'कर्नाटक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने श्वसन संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी, ILI और SARI के आंकड़ों का विश्लेषण किया है।

**अर्ज किया है..!**

*मैं ढूँढ रहा हूँ मिरी*
*वो शम्अ कहाँ है*
*जो बज़्म की हर चीज़ को*
*परवाना बना दे*

*-बहज़ाद लखनवी*

**OSHO कहिन**

हर अनुभव, चाहे अच्छा हो या बुरा, जीवन को और गहरा बना देता है।



**सैर सपाटा**

# लोहड़ी पर दिल्ली-एनसीआर के पास इन जगहों पर जाने का बनाएं प्लान, खूब आएगा मजा



**उत्तर भारत में लोहड़ी के त्योहार की अलग ही धूम देखने को मिलती है। इस त्योहार का जश्न लोग डांस, फैमिली के साथ मस्ती और टेस्टी खाने के साथ मनाते हैं। लोहड़ी के त्योहार से तीन खाने की चीजें जुड़ी हुई हैं- रेवड़ी, मूंगफली और पॉपकॉर्न। ये एक पारंपरिक फसल उत्सव है जो भारत के अलग-अलग हिस्सों खासकर उत्तरी हिस्सों में मनाया जाता है। इस मौके पर अगर आप घूमने जाना चाहते हैं तो यहां हम दिल्ली-एनसीआर के पास लोहड़ी सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट जगह बता रहे हैं। यहां देखिए दिल्ली के पास लोहड़ी सेलिब्रेशन के लिए कहां जाएं**

### अमृतसार

लोहड़ी के दौरान अमृतसर घूमने के लिए अच्छी जगह है। इस दौरान यहां के गोल्डन टेम्पल को खूबसूरती से रोशन किया जाता है। इसी के साथ सामुदायिक रसोई में हजारों विजिटर के लिए दावत तैयार की जाती है। फिर आग जलाकर उसके आसपास भांगड़ा और गिद्दा जैसे पारंपरिक डांस किया जाता है।

### जालंधर

इस शहर में भी लोहड़ी का पारंपरिक सेलिब्रेशन होता है। यहां के लोग लोहड़ी के आग के आसपास इकट्ठा होते हैं, फिर लोक गीत गाते हैं और एक दूसरे को गिफ्ट देते हैं। ये दिल्ली से 436 किलोमीटर दूर है। यहां घूमने के लिए भी आपको कई ऑप्शन मिल जाएंगे।

### चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पारंपरिक रूप से लोहड़ी मनाई जाती है। इस त्योहार के लिए शहर को खूबसूरती से सजाया जाता है और आप यहां लोहड़ी पार्टियों में जा सकते हैं। ये दिल्ली के सबसे पास और लोहड़ी पर घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है। यहां पर घूमने के लिए काफी कुछ है।

### डलहौजी

हिमाचल प्रदेश की सुंदर पहाड़ियों के बीच बसा डलहौजी एक सुंदर डेस्टिनेशन है। यहां का लोहड़ी सेलिब्रेशन भी काफी खास होता है। बर्फ से ढके पहाड़ों का सुंदर नजारा यहां देखने लायक है। दिल्ली से डलहौजी 584 किलोमीटर दूर है।

## Chhattisgarh

# सिर पर चोट के 15 निशान, लीवर के 4 टुकड़े... कितनी बेरहमी से की गई थी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या?

**बीजापुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या में क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं. मुकेश चंद्राकर के सिर पर चोट के 15 निशान मिले हैं. इसके अलावा लीवर के चार टुकड़े और पांच पसलियों को तोड़ा गया. इतना ही नहीं उसकी गर्दन टूटी और हार्ट फटा हुआ पाया गया है.

जिस डॉक्टर ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की बॉडी का पोस्टमार्टम किया, उन्होंने कहा कि मैंने अपने 12 साल के करियर में ऐसा केस नहीं देखा, जिसकी इतनी बेरहमी से हत्या की गई हो. उन्होंने ये भी दावा किया है कि पत्रकार की हत्या करने वाले दो या दो से ज्यादा हमलावर हैं.



मुकेश चंद्राकर की हत्या के आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को गिरफ्तार कर लिया गया है. एसआईटी ने उसे हैदराबाद से अरेस्ट किया है. बीजापुर के एसपी जितेंद्र सिंह यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया है.

बता दें कि मुकेश चंद्राकर का शव तीन जनवरी को ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की प्रॉपर्टी पर स्थित सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ था. मुकेश एक जनवरी से लापता थे. पुलिस ने मुकेश की तलाश के लिए सुरेश चंद्राकर के घर पर छापा मारा था. जांच के दौरान वहां सेप्टिक टैंक से एक शव बरामद हुआ. शव की हालत काफी खराब थी, लेकिन कपड़ों से उसकी पहचान पत्रकार मुकेश चंद्राकर के रूप में हुई.

## Gujarat

### गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

# हेलीकॉप्टर क्रैश में 3 लोगों की मौत



**पोरबंदर, (एजेंसी)** गुजरात के पोरबंदर कोस्ट गार्ड एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा सामने आया है। यहां कोस्ट गार्ड का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। दो अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

पोरबंदर के कोस्ट गार्ड एयर एन्क्लेव में हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था। उड़ान भरने के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण वो क्रैश हो गया। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर में दो पायलट के साथ तीन न्य लोग सवार थे। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। दो अन्य घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, वहां उनका इलाज किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है। कोस्ट गार्ड का हेलीकॉप्टर एएलएच ध्रुव दो पायलट और तीन अन्य लोगों के साथ सवार थे। यह हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण के लिए रविवार को उड़ान भर रहा था। इस घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब 12:30 बजे पोर्टब्लेयर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कोस्ट गार्ड हवाई अड्डे के पास एक हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था। इस दौरान उसमें कोई खराबी आ गई और वो क्रैश हो गया। क्रैश के बाद हेलीकॉप्टर में आग लग गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत के साथ ही दो अन्य लोग घायल हुए हैं।

## Rajasthan

# डंपर ने पति-पत्नी और 2-बच्चों को कुचला

**जालोर, (एजेंसी) जालोर में बजरी से भरे डंपर ने बाइक सवार पति, पत्नी और 2 बच्चों को कुचल दिया। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव सड़क पर बिखर गए।**

हादसे से गुस्साए लोग रोड को जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं। एक्सीडेंट सायला थाना इलाके के पोषाणा गांव में रविवार शाम करीब 6 बजे हुआ। थाना इंचार्ज महेंद्र सिंह ने बताया- बाइक पर बावतरा निवासी उत्तम पुरी (32), पत्नी पिंटा देवी (30), बेटा चिंटू (8) और राज (5) थे। उत्तम अपने ससुराल कोरा गांव, भीनमाल (जालोर) में एक शोकसभा में शामिल होने परिवार के साथ जा रहे थे। बाइक पर चिंटू आगे बैठा था। उत्तम बाइक चला रहा था। उसके पीछे राज और सबसे पीछे पिंटा देवी बैठी थीं। पोषाणा और उनड़ी गांव के बीच भीनमाल मेन रोड पर बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। उत्तम और चिंटू वहीं गिर पड़े। पिंटा देवी और राज उछलकर दूर जाकर गिरे। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर डंपर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

## Maharashtra

# बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-लड़की को एक बार फॉलो करना अपराध नहीं

**मुंबई, (एजेंसी) बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की को एक बार फॉलो करना IPC की धारा 354(D) के तहत पीछा करने की श्रेणी में नहीं आता है। कानूनी रूप से लगातार किसी को फॉलो करने को ही अपराध माना जाएगा।**



जस्टिस जीए सनप ने सेक्शुअल हैरेसमेंट के दो 19 साल के आरोपियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। दोनों पर 14 साल की लड़की का यौन उत्पीड़न करने और जबरन घर में दाखिल होने का आरोप लगा था। जस्टिस सनप ने कहा कि किसी लड़की को फॉलो करने की इकलौती घटना को IPC के तहत अपराध नहीं माना जा सकता है। मामला 2020 जनवरी का है, जब मुख्य आरोपी ने नाबालिग लड़की का पीछा किया था और उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। लड़की के मना करने के बाद भी आरोपी नहीं माना। यहां तक की लड़की की मां ने लड़के के परिवार से भी इस बारे में बात की, फिर भी आरोपी ने लड़की को परेशान करना जारी रखा। 26 अगस्त 2020 को आरोपी ने लड़की के घर में घुसकर उसे मुंह दबाया और उसे गलत तरीके से छुआ। इस दौरान दूसरा आरोपी घर के बाहर पहरा देता रहा। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर IPC और POCSO एक्ट के तहत कई मामले दर्ज किए। इनमें पीछा करना, सेक्शुअल हैरेसमेंट, घर में जबरन दाखिल होना और आपराधिक धमकी देना शामिल है।

## खेल

# मैट हेनरी का गेंद से कमाल तो विल यंग ने बल्ले से की कुटाई, पहले वनडे में 9 विकेट से जीती न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच 3 मैच की रोमांचक वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज यानी 5 जनवरी को वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेला गया। कीवी टीम ने मेहमानों को आसानी के साथ 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ अब न्यूजीलैंड के पास सीरीज में 1-0 की बढ़त है। इस मैच में न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और मैट हेनरी ने गजब का प्रदर्शन किया। आइये, आपको विस्तार से बताते हैं कि मैच में क्या-क्या हुआ।



### न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर चुनी गेंदबाजी, मैट हेनरी चमके

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऐसे में श्रीलंका पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 43.4 ओवर में ही 178 रन पर ऑल आउट हो गई। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 56 रन अविष्का फर्नांडो ने बनाए।

इसके अलावा जनिथ लियांगे ने भी 36 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक 4 विकेट अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने लिए। जैकब डफी और नेथन स्मिथ ने 2-2 विकेट लिए। वहीं 1 सफलता मिचेल सैंटनर को भी मिली। हेनरी ने पथुम निसांका, चामिंदु विक्रमसिंह, वानिंदु हसरंगा और ईशान मलिंगा का शिकार किया।

### 26.2 ओवर में ही जीत गई न्यूजीलैंड

179 रन का टारगेट न्यूजीलैंड ने महज 26.2 ओवर में ही चेज कर लिया। ओपनर विल यंग ने नाबाद 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुल 12 चौके लगाए। यंग के साथ पारी का आगाज करने ऑलराउंडर रचिन रविंद्र आए थे। रचिन ने 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 45 रन बनाए। वहीं मार्क चैपमैन 29 रन बनाकर नाबाद रहे। सिर्फ 1 विकेट के नुकसान पर ही कीवी टीम ने आसानी के साथ लक्ष्य हासिल कर लिया। एकमात्र विकेट श्रीलंका के लिए चामिंदु विक्रमसिंह ने लिया। सीरीज का अगला मुकाबला 8 जनवरी को हेमिल्टन में खेला जाएगा।

## सिनेमा

# अक्षय कुमार होंगे स्त्री 3 के सबसे बड़े विलेन? प्रोड्यूसर ने एक्टर को बताया थानोस



अक्षय कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बेशक कुछ कमाल नहीं दिखा पा रही हो, लेकिन उनके कैमियो ने धमाका कर दिया था। खिलाड़ी कुमार को दिनेश विजान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था। इस फिल्म में एक्टर सरकटे के वंश से आखिरी जीवित महाराजा शहंशाह के किरदार में नजर आए थे। स्त्री 3 में अक्षय के किरदार को दिनेश विजान ने कन्फर्म कर दिया है। प्रोड्यूसर ने कहा अक्षय को मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का 'थानोस' कहा।

आज स्काई फॉर्स के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर जब अक्षय कुमार से पूछा गया कि वो स्त्री 3 में नजर आएंगे या नहीं। इसका जवाब देते हुए एक्टर ने कहा 'मैं क्या कह सकता हूं, दिनेश और ज्योति देशपांडे को यह तय करना होगा, वो ही पैसे लगाने वाले हैं और अमर कौशिक को डायरेक्ट करना है'। खिलाड़ी कुमार के इस जवाब पर प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने कहा 'बेशक, वो यूनिवर्स का हिस्सा हैं'। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'वो हमारे थानोस हैं'।

हाल में मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की आठ फिल्मों का एलान हुआ था। इन फिल्मों की लिस्ट में स्त्री 3 भी शामिल थीं। ऐसे में अक्षय इस तीसरी कड़ी का हिस्सा होंगे या नहीं ये सवाल उनके फैंस के मन में आ रहा था जिसे प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने कन्फर्म कर दिया है। स्त्री 3 की रिलीज अगस्त 2027 तय हुई है।

## Highlights

1. 'Nothing will happen, right?' journalist Chandrakar asked in August; was killed months later
2. Video shows foreigner explaining Maha Kumbh Mela using sand model
3. Delhi L-G grants relaxation in job criteria for 1984 riots victims
4. The rise of healthtech: transforming mental and physical wellness
5. Infosys defers salary hikes of employees to 4th Quarter of FY25

# Chinese hack compromises more US telecom firms than previously known: Report

**NEW DELHI, (Agency).** A Chinese hack compromised even more U.S. telecoms than previously known, including Charter Communications, Consolidated Communications and Windstream, the Wall Street Journal reported late on Saturday, citing people familiar with the matter.

Hackers also exploited unpatched network devices from security vendor Fortinet and compromised large network routers from Cisco Systems, the newspaper reported.

In addition to deep intrusions into AT&T and Verizon, hackers pierced other networks belonging to Lumen Technologies and T-Mobile, according to the report.

China denied engaging in such actions and accused the United States of peddling disinformation.

There is growing concern about the size and scope of the reported Chinese hacking into U.S. telecommunications networks and questions about when companies and the government will be able to assure Americans about the issue.



The report added that U.S. national security adviser Jake Sullivan told telecommunications and technology executives at a secret White House meeting in the fall of 2023 that Chinese hackers had gained the ability to shut down dozens of U.S. ports, power grids and other infrastructure targets at will.

The Chinese-linked Salt Typhoon cyberespionage operation targeted AT&T and Verizon's systems, but the wireless carriers' U.S. networks are now secure as they work with law enforcement and government officials, the companies said last week in their first acknowledgment of the attacks.

Lumen said it no longer sees evidence of the attackers in its network and that no customer data was accessed.

# OYO says no hotel rooms for unmarried couples in this city: Details here

**NEW DELHI, (Agency).** OYO, a prominent travel and hotel booking platform, recently introduced a new check-in rule for its partner hotels, starting in Uttar Pradesh's Meerut, which will be effective this year.

According to the updated guidelines, unmarried couples will no longer be allowed to check-in, PTI reported.

All couples, including those with online reservations, will be required to provide valid proof of their relationship when checking in, as per the updated OYO guidelines.

The new OYO policy will be rolled out in Uttar Pradesh's Meerut first based on the ground feedback. The platform has already instructed its partner hotels in the city to implement the new policy immediately.

Depending on feedback from the ground, the company may extend the policy to other cities, according to sources familiar with the matter.

It has been reported that OYO has received requests from civil society groups, particularly in Meerut in the past, asking for measures to address this issue.

Additionally, residents from other cities have also petitioned for a policy to stop unmarried couples from checking into OYO hotels, sources added.

# युवक की हत्या, शव रखकर चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। इंदौर के सदर बाजार थाना क्षेत्र में युवक की मौत को लेकर बवाल मच गया। शनिवार शाम हमलावरों ने गब्बर नामक युवक के सिर पर पत्थर से हमला किया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान गब्बर की अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित लोगों ने मारीमाता चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। तनावपूर्ण माहौल के बीच दरगाह में तोड़फोड़ होने की भी खबरें सामने आई हैं।**

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाने के लिए प्रयास किए। प्रदर्शनकारी पुलिस के आश्वासन पर शांत हुए। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया और क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर गश्त शुरू कर दी गई। डीसीपी विनोद मीणा ने जानकारी दी कि यह घटना सिकंदराबाद कॉलोनी की है। बताया गया कि गब्बर का शराब के नशे में एक महिला, जो कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है, के साथ विवाद हो गया था। विवाद के दौरान रहवासियों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया लेकिन गब्बर ने अपने बेटे को बुला लिया। इसी बीच दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ और साबिर उर्फ बिट्टू व अल्फाज ने गब्बर पर पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में गब्बर बुरी तरह घायल हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीसीपी ने कहा कि घटना के बाद कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की और दरगाह को निशाना बनाया गया। शहर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने पेट्रोलिंग तेज कर दी है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है लेकिन प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

## चाय में नशीला पदार्थ देकर महिला से रेप

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने एक शादीशुदा महिला के साथ रेप किये जाने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी पीड़िता के घर के पास ही रहता है। चाय पीने के बहाने आरोपी ने महिला को नशा देकर रेप किया और वीडियो बना लिया। आरोपी महिला को वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करता था। पुलिस ने अब आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी युवक अजय कैथवास पर रेप और ब्लैकमेल करने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसके घर के पास ही रहता है। 26 जून को दोपहर में आरोपी उसके घर पर पहुंचा। महिला उसके लिए चाय बनाकर लाई तो आरोपी ने पानी भी मांगा। इस बीच उसने चाय में नशा मिला दिया और महिला को भी चाय पीने के लिये कहा। चाय पीने के बाद महिला को चक्कर आने लगे। इसके बाद आरोपी ने संबंध बनाए और दुष्कर्म का वीडियो बना लिया। बाद में उसने यह बात बताई और कहां कि यह बात किसी को बताए नहीं। महिला ने परिवार में झगड़ा होने के डर के चलते चुप रही। इसके बाद आरोपी ने कई बार रेप किया। अजय ने कॉलोनी में कंमेट्स करना शुरू कर दिए। जिससे बदनामी होने लगी। शनिवार को भी आरोपी ने पीड़िता को धमकाया। इसके बाद उसने अपने पति को यह बात बताई। पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है।

# शोरूम से कार उठाई, पूजा के बाद घूमने निकले, अनियंत्रित होकर पलटने से 2 घायल



**इंदौर। लसूडिया इलाके में रविवार देर रात एक नई कार पलट गई। कार को उसी शाम शोरूम से खरीदा गया था। पूजा के बाद कार मालिक और उसके दोस्त पार्टी मनाने निकले थे। लौटते वक्त तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ।**

घटना स्कीम नंबर 114 में यशराज होटल के पास की है। बताया जा रहा है कि पार्टी से लौटते समय कार की रफ्तार तेज थी। अचानक स्टेयरिंग फिसलने से संतुलन खो गया, और कार पलट गई। हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे तीन युवकों को बाहर निकाला और अन्य लोगों की मदद से कार को सीधा किया।

इस हादसे में एक युवक के सिर पर मामूली चोट आई, जबकि दूसरे का हाथ फ्रैंक्चर हो गया। तीसरा युवक पूरी तरह सुरक्षित है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पलटी हुई कार और बचाव कार्य को देखा जा सकता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक